तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 9 मई 2026

10 लापरवाही की भेंट चढ़ रहा नहर का पानी

12 गोविंदा ने किया पीएम आवास में प्रवेश, ...




## मंगल प्रसंग : विवाहित जोड़े को 35 हजार की आर्थिक सहायता और गृहस्थी का सामान दिया गया

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 95 जोड़ों ने लिए सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोपालपुर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिला में एक साथ 95 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। 95 जोड़े खास तौर पर कमजोर वर्ग के लोग शामिल हैं, जिनका विवाह मंडी परिसर पर भारतीय संस्कृति एवं हिन्दू रीति रिवाज़ परंपराओं के अनुसार वर वधु शादी के बंधन में बंधें। प्रभारी मंत्री वर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम समानता, गरिमा और एकता का उत्सव है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कार्यक्रम सिर्फ शादियां करवाने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका मकसद सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना भी है कि समाज के सबसे कमजोर तबकों तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचें । विभिन्न समुदायों के लोगों की भागीदारी छग की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और सरकार के समावेशी दृष्टिकोण को दर्शाती है। प्रभारी मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि जहां बेटियों की शादी कभी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए चिंता का सबब हुआ करती थी वहीं इस योजना ने उस चिंता को आत्म विश्वास और गरिमा में बदलने में मदद की है । इस कार्यक्रम को जिपं अध्यक्ष संजय भूषण पांडे ने भी संबोधित करते कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार पिता बनकर नव वधुओं का कन्या दान कर रही है, वही तीर्थ यात्रा योजना के तहत भाजपा सरकार श्रवण कुमार बन वृद्धो को अयोध्या बनारस और प्रयागराज का दर्शन करा रही है। सभी वर वधुओं को इस मंच के माध्यम से मैं उज्जवल भविष्य की शुभ कामना कर्ता हूं।





### विवाह के लिए 35 हजार रुपए की आर्थिक सहायता और गृहस्थी का सामान प्रदान

प्रभारी मंत्री वर्मा ने कहा कि साल 2006 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत, हर नव विवाहित जोड़े को 35 हजार की आर्थिक सहायता के साथ -साथ घर गृहस्थी का जरूरी सामान और शादी की रस्मों के लिए जरूरी इंतजाम भी मुहैया कराए गयें है । इस योजना का मकसद गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर करने वाले परिवारों को लाभ पहुंचाना है। इसके लिए पात्रता मुख्यमंत्री खाद्य योजना के तहत जारी किए गए राशन कार्ड से जुड़ी हुई है । यह योजना विधवाओं, अनाथों व बेसहारा महिलाओं को भी सहायता प्रदान करती है, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी इस लाभ से वंचित न रह जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले में व्यापक इंतजाम किए ताकि जोड़ों और उनके परिवारों के लिए गरिमापूर्ण और आरामदायक माहौल सुनिश्चित किया । प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्तमान में घरेलू झगड़े का मुख्य कारण मोबाइल है, तो जितनी भी हमारी बहने, बेटियां जो शादी करा रही है वे मोबाइल से थोड़ी दूरी बनाकर रखें और अपने मायका से कम से कम बातें करें।



## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 21 जोड़े ने लिए सात फेरे

**बलौदाबाजार।** महिला एव बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत शुक्रवार को गायत्री मंदिर बलौदाबाजार में 21 जोड़े का सामूहिक विवाह वैदिक मंत्रोच्चार और सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में नव विवाहित जोड़ें को परिधान सामग्री एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समानता और सहयोग की भावना को प्रबल करते है। इससे न केवल फिजूलखर्ची और सामाजिक कुरीतियों पर लगाम लगती है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह पूरे सम्मान और गरिमा के साथ संपन्न होता है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्धेश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सामाजिक सहयोग प्रदान करना है तथा सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना कार्यक्रम में सभी नवदम्पत्तियों के सुखद एव उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में हरिराम वर्मा एव गायत्री परिजन के द्वारा सक्रिय भागीदारी की गई।



## खबर संक्षेप

### भाजपा सदस्य भोला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पलारी।** नगर पंचायत के वार्ड 12 के भाजपा पार्षद प्रतिनिधि व युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष भोला वर्मा 35 वर्ष ने श्मशान घाट के स्टोर रूम में टेंट बांधने की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



इससे नगर में सनसनी फैल गई है। बताया गया है कि मृतक भोला वर्मा गुरुवार की शाम 8 बजे के करीब घर से निकला था तथा नागरिकों मेल मुलाकात करते हैं वे रात को घर नहीं पंहुचा, तो परिवार वालों ने पतासाजी शुरू की। शुक्रवार की सुबह 6 बजे नागरिकों ने पुलिस को सूचना दी कि एक व्यक्ति फांसी पर लटका हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पीएम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है।

### बिलासपुर-रायपुर रेलखंड का संरक्षा निरीक्षण आज

**भाटापारा।** तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा 9 मई को रायपुर मंडल के बिलासपुर-रायपुर रेलखंड में दाधापारा से रायपुर का संरक्षा निरीक्षण स्पेशल ट्रेन 08.30 बजे बिलासपुर से प्रारंभ होगी। इस निरीक्षण में बिलासपुर मुख्यालय के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर दयानंद सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। महाप्रबंधक बिल्हा रेलवे स्टेशन में 08.55 बजे ▸▸ शेष पेज 11 पर

## झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भैंसा

अंचल में शुक्रवार दोपहर मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। दोपहर करीब 3 बजे पहले तेज आंधी चली और उसके बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। इस बेमौसम बरसात ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से निजात दिलायी, वहीं थोड़ा धंधा पानी की रफ्तार पर ब्रेक भी लगा दिया। करीब 3 घंटे से हो रही लगातार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है, लेकिन तपती गर्मी के बीच यह वर्षा लोगों को काफी सुकून दिलाने वाली बारिश थी।

वहीं इस साल अप्रैल महीने ने लोगों को जमकर गर्मी से तपाया था। तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच जाने से लोग हीट वेव का सामना कर रहे थे और दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता था। लेकिन मई लगते से मौसम में आए बदलाव ने मई की शुरुआत ने लोगों दिल खुश कर दिया

### नेशनल लोक अदालत आज

**बलौदाबाजार।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 9 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जायेगी।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद धारा 138 मामले, किराया, बैंक वसूली, विद्युत चोरी के राजीनामा योग्य मामले, जिला न्यायालय में लंबित (भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण एवं राजस्व मामले) ▸▸ शेष पेज 11 पर

## म्यूल अकाउंट का संचालन करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



जिले में साइबर अपराधों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल से प्राप्त इनपुट्स पर कार्रवाई करते हुए, सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो कमीशन के लालच में अपने बैंक खाते साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे।

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी जयप्रकाश श्रीवास 28 वर्ष, जांजगीर-चांपा ने डीसीबी बैंक में अपना खाता खुलवाया था। 1 फरवरी 2024 से 31 जनवरी 2025 के बीच इस खाते में 1,00,02,999 रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ। जैसे ही खाते में बड़ी रकम आती थी, उसे छोटे-छोटे हिस्सों में अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिया जाता था। आरोपी ने कमीशन के लालच में अपना केवाईसी और बैंकिंग क्रेडेंशियल्स ठगों को सौंप दिए थे।

इसी तरह दूसरे प्रकरण में शशि कुमार धृतलहरे 38 वर्ष, कसडोल के एचडीएफसी बैंक खाते की जांच की गई। इस खाते में नवंबर 2023 से अप्रैल 2026 के बीच 34,59,332 रुपये का ▸▸ शेष पेज 11 पर

### कमीशन के लालच में पासबुक और एटीएम कार्ड दिए

पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा के निर्देशन में हुई पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अधिक पैसे कमाने और कमीशन के लालच में अपने बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड अन्य आरोपियों को दिए थे। पुलिस ने बताया कि इन खातों का नियंत्रण साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के पास था, जो ठगी की रकम को खपाने के लिए इनका इस्तेमाल कर रहे थे।थाना सिटी कोतवाली में दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिसमें धाराएं 318(4), 319(2) बीएनएस (**BNS**) एवं 66 सीडी आईटी एक्ट के तहत पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की। विवेचना जारी है और इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### मोहतरा क में समाधान शिविर आज

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क़ी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार 9 मई को विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा (क) में समाधान शिविर होग़ा।शिविर प्रातः 10 से अपरान्ह 3 बजे तक चलेगा।

ग्राम पंचायत मोहतरा (क) शिविर में 18 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे जिसमें ग्राम पंचायत आमाखोहा, असनीन्द, बैगनडबरी, बम्हनी, बिलारी (क), चरौदा (क), छाँछी, ▸▸ शेष पेज 11 पर






## खबर संक्षेप



### ग्राम ताराशिव में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

**रायपुर।** तिल्दा विकासखंड के ग्राम पंचायत ताराशिव में सुशासन तिहार के तहत जिला स्तरीय समाधान शिविर लगाया गया। इसमें विभिन्न विभागों के लगे स्टॉल में आम लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने बताया कि समाधान शिविरों के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस, जॉब कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऐसे शिविरों से लोगों को अपने क्षेत्र में ही समाधान मिल रहा है, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिस्वरंजन, एसडीएम तिल्दा आशुतोष देवांगन, जिला खाद्य नियंत्रक भूपेन्द्र मिश्रा, संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा डॉ. शंकरलाल उइके, सीईओ जनपद रवि कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### शराब दुकानों में अहाता के टेंडर निरस्त करने की मांग

**रायपुर।** शराब दुकानों में अहाता खोलने के लिए जारी किए गए टेंडर को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने शासन से की है। श्री अग्रवाल ने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के भाठागांव की दोनों शराब दुकानों के साथ ही पुलिस लाइन चौराहे पर स्थित शराब दुकान और कटोरा तालाब चौराहे की शराब दुकान को बंद किया जाए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रदेश के आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन के कार्यालय में जाकर ज्ञापन भी दिया गया। ज्ञापन में अहाता, चखना सेंटरों को खोलने का विरोध दर्ज करते हुए वहां उत्पन्न होने वाली अवैधानिक गतिविधियों के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में पुलिस विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई पर ध्यान आकृष्ट किया गया है। साथ ही इस संदर्भ में कई बार उपायुक्त आबकारी, जिला आबकारी अधिकारी, रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन दिए जा चुके हैं। धरना प्रदर्शन सहित अन्य आंदोलन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शीघ्र निर्णय नहीं किया गया तो क्षेत्र के नागरिकों के साथ बड़े आंदोलन किया जाएगा।

### सुशासन तिहार शिविर, 389 आवेदन में 187 का निराकरण

**रायपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत ताराशिव में जनसमस्या निवारण शिविर 389 आवेदन कर मांग पत्र सौंपे गए थे। इनमें से 187 आवेदन मौके पर निराकृत किए गए। इसी प्रकार शेष आवेदनों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में 40 शिकायतें भी आई थी, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने भी ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान पात्र लाभार्थी हितग्राहियों को सबंधित विभाग के माध्यम से बैटरी चलित ट्राई साइकिल, बीज, प्रधानमंत्री आवास, स्वास्थ्य निरीक्षण कर आयुष्मान कार्ड आदि सामग्री वितरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा, 21 गांवों के सरपंच, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को बड़ी राहत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के जनहितैषी निर्देशों के तहत जिला प्रशासन बलौदाबाजार-भाटापारा ने प्राकृतिक आपदा के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवारों को संबल प्रदान किया है। कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत दो मृतकों के परिजनों के लिए कुल 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

# समर्पण, अनुशासन और नवाचार की मिसाल बना भरुवाडीह कला का सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पूर्व माध्यमिक शाला भरुवाडीह कला इन दिनों अपनी अनोखी कार्यशैली के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। एक ओर पूरे प्रदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होने से अधिकांश विद्यालयों में ताले लटके हुए हैं, वहीं यह सरकारी विद्यालय वर्ष के 365 दिन संचालित होकर शिक्षा के प्रति समर्पण, अनुशासन और नवाचार की मिसाल पेश कर रहा है। उल्लेखनीय है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरुवाडीह कला अपनी प्राकृतिक हरियाली, स्वच्छ वातावरण और आकर्षक सजावट के कारण भी विशेष पहचान रखता है।

## ग्रीष्म अवकाश में भी हो रहा स्कूल का संचालन



### अवकाश में खुला रहता स्कूल

प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि उनका विद्यालय संडे हो या मंडे, हर दिन बच्चों के लिए खुला रहता है और ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी यहां विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक, रचनात्मक एवं प्रेरणादायक गतिविधियां सतत रूप से संचालित की जाती हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यालय का अवलोकन करने के बाद बताया कि यह वास्तव में एक प्रेरणादायक मॉडल स्कूल है, जहां अवकाश के दौरान भी विद्यार्थी उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते नजर आए। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का जीवंत उदाहरण है।

विद्यालय परिसर को इतने सुंदर, व्यवस्थित और रचनात्मक तरीके से विकसित किया गया है कि यहां पहुंचने वाला हर व्यक्ति प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता।

धीरेंद्र कुमार वर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि लोगों को इस अनूठे विद्यालय को देखने अवश्य जाना चाहिए ताकि वे समझ सकें कि सरकारी स्कूल भी समर्पण, नवाचार और सकारात्मक सोच से शिक्षा के उत्कृष्ट केंद्र बन सकते हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरुवाडीह कला आज शिक्षा, सतत प्रयास और प्रेरणादायक कार्यसंस्कृति की ऐसी मिसाल बन चुका है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

**लपरवाही :** कुलापे खुले होने से तालाबों की बजाय खेतों में बह रहा, विभाग मौन

# लापरवाही की भेंट चढ़ रहा नहर का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



भीषण गर्मी के संकट को देखते हुए शासन द्वारा तालाबों को भरने के लिए गंगरेल बांध से पानी छोड़ा गया है। हालांकि, बांध से पानी छोड़े एक माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन प्रशासनिक अव्यवस्था और कुलापों के खुले होने के कारण यह पानी अपने सही गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहा है। आलम यह है कि तालाब भरने के बजाय नहर का कीमती पानी खेतों में व्यर्थ बह रहा है।

मुंडा और आसपास के ग्राम जैसे कोरदा, परसापाली और सिंघारी के ग्रामीण अपने जलस्रोतों को जीवित रखने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। हालांकि, बरदा, ढनढनी, जुड़ा, पैजनी, लवन और बगबूडा जैसे गांवों तक नहर का पानी पहुंच तो गया है, लेकिन नहर में लगे ढनढनी माइनर, सूढेला माइनर और पैजनी माइनर के कुलापे खुले होने से पानी का रुख खेतों की ओर मुड़ गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन कुलापों को बंद कर दिया जाए, तो नहर के अंतिम छोर तक स्थित गांवों के तालाबों को कम समय में भरा जा सकता है।

इस गंभीर समस्या को लेकर सिंचाई विभाग के एसडीओ एल.एन. निराला ने पूर्व में कहा था कि उन्हें खेतों में पानी बहने की जानकारी नहीं है। उन्होंने किसानों द्वारा जानबूझकर कुलापे खोलने की बात कहते हुए मामले को दिखवाने का आश्वासन दिया था। लेकिन हकीकत यह है कि अब तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण ढनढनी, पैजनी और जूडा क्षेत्र के नहरों में देखा जा सकता है।



### व्यर्थ बहते पानी से गहरा सकता है संकट

एक ओर जहां भीषण गर्मी में मवेशियों और निस्तारी के लिए पानी की एक-एक बूंद कीमती है, वहीं विभाग की अनदेखी के कारण लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। किसानों और ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग तत्काल अमला भेजकर खुले कुलापों को बंद कराए, ताकि अंतिम छोर के गांवों तक जल्द से जल्द पानी पहुंच सके और तालाबों को भरा जा सके। अब देखना यह होगा कि विभाग इस बर्बादी को रोकने के लिए कब सक्रिय होता है या ग्रामीण इसी तरह पानी के संकट से जूझते रहेंगे।

# विकसित छत्तीसगढ़ के लिए नवा अंजोर रोडमैप तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा बुधवार को बलौदाबाजार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत 2047 का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है, जिसके अनुरूप सभी राज्य अपनी विकास योजनाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने भी छत्तीसगढ़ नवा अंजोर नाम से विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। मुख्यमंत्री की कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद इसे 17 जुलाई 2025 को प्रदेश की 2 करोड़ 10 लाख जनता को समर्पित किया गया। उन्होंने कहा कि इस विजन डॉक्यूमेंट में वर्ष 2030, 2035 और 2047 तक राज्य के विकास के स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

मिश्रा ने कहा कि शासन के प्रत्येक विभाग के लिए अलग-अलग इंडेक्स तैयार किए गए हैं, जिनके आधार पर नीति आयोग द्वारा समीक्षा और मूल्यांकन किया जाता है। सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ की प्रति व्यक्ति आय लगभग 1 लाख 7 हजार रुपये है, जिसे वर्ष 2047 तक बढ़ाकर 20 लाख रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि नवा अंजोर विजन के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए अधिक खुशहाल, विकसित और सुशासन आधारित छत्तीसगढ़ निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश की जनता को बेहतर सुविधाएं, सुशासन और समृद्धि उपलब्ध कराने के लिए व्यापक रोडमैप तैयार किया गया है।

# कलेक्टोरेट की जर्जर हो चुकी तीन मंजिला बिल्डिंग का होगा रेनोवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट में एक ओर जहां नई कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य जारी है, वहीं दूसरी ओर पुरानी तीन मंजिला बिल्डिंग को भी चकाचक करने के लिए बजट को स्वीकृति दी गई है। पीडब्ल्यूडी विभाग को इस पुरानी बिल्डिंग का रेनोवेशन कराने का जिम्मा दिया गया है। इसके तहत विभाग ने टेंडर निकालने के लिए फाइल भी आगे बढ़ा दी है। इस पुरानी बिल्डिंग का बाहरी हिस्सा लगभग जर्जर हो चुका है, वहीं कई दफ्तरों के खिड़की-दरवाजे भी सालों पुराने होने के कारण खराब हो गए हैं, इसलिए रेनोवेशन के दौरान कई दफ्तरों की खिड़की और दरवाजे भी बदले जाएंगे।

कलेक्टोरेट परिसर में लोक सेवा केंद्र के बगल में सालों पहले बनी तीन मंजिला बिल्डिंग कलेक्टोरेट का ही हिस्सा है। इस बिल्डिंग में वर्तमान में एडीएम से लेकर अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर के अधिकारियों से लेकर खाद्य विभाग, खनिज, आबकारी, सांख्यिकी एवं योजना, अंत्यावसायी विकास विभाग, आदिवासी विकास, समग्र शिक्षा सहित अन्य विभागों के दफ्तर भी संचालित हो रहे हैं। ग्राउंड फ्लोर पर एडीएम और अपर कलेक्टर राजस्व का कोर्ट भी लगता है। सालों पुरानी एवं मेंटनेंस नहीं होने से इस बिल्डिंग का बाहरी हिस्सा जर्जर हो चुका है। खासकर टाउन हाल की तरफ का हिस्सा इतना ज्यादा जर्जर हो चुका है कि छज्जा कई जगह से टूटकर जमीन पर गिर चुका है।

### शौचालय का भी होगा रेनोवेशन

पुरानी बिल्डिंग में कर्मचारियों के लिए बने शौचालय भी खराब हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि इन शौचालयों का भी रेनोवेशन किया जाएगा। इस बिल्डिंग में टाउन हाल की तरफ बने शौचालय की स्थिति बेहद खराब है। इसके कारण इसका इस्तेमाल करना ही कर्मचारियों ने छोड़ दिया है। रेनोवेशन के बाद इस शौचालय का उपयोग भी कर्मचारी कर पाएंगे।

### नई बिल्डिंग का निर्माण पूर्ण होने पर खाली होंगे कई दफ्तर

पुरानी बिल्डिंग का रेनोवेशन का कार्य जरूर कराया जा रहा है, लेकिन नई कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण पूर्ण होने के बाद इस पुरानी बिल्डिंग के कई दफ्तर (कमरे) खाली हो जाएंगे। इस बिल्डिंग में बैठने वाले सभी अधिकारियों के दफ्तर नई बिल्डिंग में शिफ्ट किए जाएंगे। इसके अलावा खाद्य, आबकारी, खनिज सहित अन्य कुछ विभागों को भी नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाना प्रस्तावित है। ऐसे में पुरानी बिल्डिंग के कई कमरे खाली हो जाएंगे।

### खाली कमरों में दूसरे विभागों के दफ्तर किए जा सकते हैं शिफ्ट

सूत्रों की मानें, तो इन खाली कमरों में कलेक्टोरेट परिसर से बाहर संचालित कुछ दूसरे विभागों के दफ्तर शिफ्ट किए जा सकते हैं। जिले में महिला एवं बाल विकास, रोजगार कार्यालय सहित अन्य विभाग के दफ्तरों को यहां शिफ्ट किए जाने की संभावना है।

# सुशासन तिहार शिविर में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



सुशासन तिहार के तहत नगर पंचायत खरोरा के वार्ड 13 स्थित सांस्कृतिक भवन में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉलों के निरीक्षण से हुई। तत्पश्चात भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, श्रम, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा मौके पर ही समस्याओं के निराकरण की पहल की गई।

इस दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ वितरित किए गए। उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों को उपचार किट एवं आयुष्मान कार्ड, जरूरतमंदों को वॉकिंग स्टिक, कृषि विभाग द्वारा बीज एवं कीटनाशक तथा श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड प्रदान किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन और जनसेवा की भावना के साथ कार्य कर रही है। शासन की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी स्वयं जनता के बीच पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, जिससे लोगों को त्वरित राहत मिल रही है।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, अनिल सोनी, सोना वर्मा, सुमित सेन, पुरेंद्र उपाध्याय, पंचराम यादव, सुनील नायक, योगेश्वर चंद्राकर, पूर्णिमा धनकर, अंबिका बंछोर, हेमलता नशीन, दामिनी देवांगन, राहुल मरकाम, जयप्रकाश वर्मा, शेखर देवांगन, रमेश शर्मा, धनेश वर्मा सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**सैकड़ों ट्रांसफार्मर और खंभों के तार घिरे हैं पेड़ों से**

# बिजली के तारों पर लटके पेड़, आपदा में बढ़ाते हैं आफत, काटने के लिए अलग से न फंड, न स्टॉफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में ही बिजली के तारों पर सैकड़ों की संख्या में हर क्षेत्र में पेड़ लटके हुए हैं। थोक में ट्रांसफार्मर और खंभों के तारों पर पेड़ों की बड़ी-बड़ी डालियां लटकी हुई हैं। कई सब स्टेशनों में भी पेड़ों का जाल बिछा हुआ है। यही स्थिति पूरे प्रदेश की है। सबसे बड़ी बात यह है कि मेंटेनेंस के नाम पर पॉवर कंपनी महज खानापूर्ति करने के कुछ नहीं कर पाती। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि पॉवर कंपनी के पास इसके लिए न तो अलग से फंड है और न ही कोई अलग से स्टाफ है।

आंधी-तूफान की आफत में इससे निपटने के लिए साधनों की भी भारी कमी है। राजधानी रायपुर में सर्किल एक और दो में एक-एक क्रेन है। यह आपदा के समय के लिए नाकाफी हैं। ऐसे समय में उधार के संसाधनों के भरोसे काम चलाना पड़ता है। आंधी-तूफान की आपदा के समय में बिजली व्यवस्था को बाधित करने का सबसे बड़ा काम तारों पर गिरने वाले पेड़ और



फ्लैक्स करते हैं। फ्लेक्स का ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता है, लेकिन पेड़ों के गिरने से ज्यादा परेशानी होती है। मई का माह आमतौर पर आंघी तूफान का रहता है। कुछ दिनों से लगातार आंधी-तूफान और बारिश हो रही है। इसके कारण लगातार बिजली गुल हो रही है। हालांकि अभी बड़ी आपदा नहीं आई है। लेकिन कभी भी बड़ी आपदा आ सकती है। बीते साल मई में प्रदेश भर में एक ही दिन में हजार से ज्यादा पेड़ बिजली के तारों पर गिरे थे।

### उधार के संसाधनों का सहारा

*आंधी-तूफान की जब भी आफत आती है तो पॉवर कंपनी को उधार के संसाधनों का ही सहारा रहता है। बीते साल मई में आपदा के समय राजधानी रायपुर में भी यहीं हुआ। जिला प्रशासन, वन विभाग और नगर निगम संसाधनों के सहारे काम किया गया। लेकिन इसके बाद भी काम की रफ्तार इतनी धीमी रही कि शहर में कई स्थानों के पेड़ एक सप्ताह तक रास्ते पर ही पड़े रहे। रायपुर में महज दो क्रेन पॉवर कंपनी के पास है। इसको आपदा के समय के लिए अधिकारी ही नाकाफी मानते हैं। इनके पास अलग से फंड भी नहीं है कि किराए के क्रेन और अन्य संसाधन मंगाकर काम करवा सकें। फिर भी मेंटेनेंस के फंड से काम करवाने का काम किया जाता है, ताकि बिजली व्यवस्था जल्द बहाल हो सके।*

# एनक्यूएएस-आईपीएचएल ओरिएंटेशन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राज्य में प्रयोगशाला सेवाओं की गुणवत्ता सुदृढ़ करने की दिशा में 4 से 5 मई तक एनक्यूएएस-आईपीएचएल ओरिएंटेशन प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दो बैचों में हुआ, जिसमें पहले बैच में 24 तथा दूसरे बैच में 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण संस्था एफआईएनडी द्वारा, सीमेंस हेल्थिनियर्स के सीएसआर विंग के सहयोग एवं राज्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ समन्वय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को एनक्यूएएस-आईपीएचएल मानकों, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली तथा प्रयोगशाला सेवाओं के विभिन्न पहलुओं के प्रति सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन राज्य गुणवत्ता सलाहकार डॉ. विक्रम शर्मा, विषय विशेषज्ञ डॉ. जूही चंद्रा एवं डॉ. नेहा सरजल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्ता मानकों के अनुपालन, दस्तावेजीकरण, आंतरिक एवं बाह्य गुणवत्ता आश्वासन तथा प्रयोगशाला प्रक्रियाओं में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को डॉ. नवनीत रंजन, अंजय गुप्ता, एनएचएम के प्रबंध निदेशक रणबीर शर्मा, संयुक्त निदेशक डॉ. सुरेंद्र पामभोई एवं उपनिदेशक डॉ. शशि स्वर्णकार आदि ने संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना

**रायपुर।** श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर बुढ़ेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। साथ ही सुंदरकांड पाठ, भजन का आयोजन भी रखा गया। इसके बाद ब्राह्मण भोज प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम इंद्राणी राजेश शर्मा के विवाह की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम में मंदिर के सेवकों, मंदिर के सदस्य और पुजारी राजेश तिवारी, अनिल अग्रवाल, कामेश तिवारी, प्रशांत पांडे, भानु पांडे, आनंद शर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, सूरज यादव, आदि शर्मा, मदन मोहन चौबे, नवीन शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### बच्चों को मिली यातायात के नियमों की जानकारी

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-20 के शांति शिखर में आयोजित समर कैंप में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए यातायात प्रशिक्षक टीके भोई ने कहा कि हमें यातायात के सारे नियमों का पालन जरूर करना चाहिए् क्योंकि यह हमारी ही जीवनरक्षा के लिए बनाए गए हैं। कभी भी शार्टकट के चक्कर में अपनी जान को जोखिम में नहीं डालना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे देश में लोगों की मृत्यु का पांचवा सबसे बड़ा कारण सड़क दुर्घटना है। मरने वालों में अस्सी प्रतिशत संख्या युवाओं की होती है, जो कि देश के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि रायपुर में हर महीने हजारों की संख्या में नई गाड़ियां पंजीकृत होती हैं, किंतु सड़कों की संख्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। अगर यही हाल रहा तो कुछ दिनों में सड़कों पर चलने के लिए जगह नहीं बचेगी। उन्होंने बताया कि ज्यादातर दुर्घटनाएं चालक की लापरवाही से होती हैं। यदि चालक अच्छा हो और वह यातायात नियमों का पालन करता हो तो दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से वैज्ञानिकों ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सहभागिता से 5 से 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान द्वारा खरीफ पूर्व अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के कृषकों को समृद्ध बनाने हेतु अभियान चलाकर शिविर के माध्यम से कृषि एवं समवर्गीय विभागों द्वारा उन्नत तकनीक एवं आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। कृषि विज्ञान केन्द्र, दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय, भाटापारा के वैज्ञानिक गांव-गांव पहुंचकर खेती की उन्नत तरीकों की जानकारी किसानों प्रदान की जा रही है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले अन्तर्गत विकासखण्डों में 120 स्थानों पर रथ संचालित कर प्रचार-प्रसार किया गया। विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में कृषकों को शिविर के माध्यम से खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक करने के साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। अभियान के दौरान किसानों से फीडबैक लेकर उनके द्वारा किये जाने वाले नवाचार के संबंध में चर्चा की गई।

### 120 स्थानों पर रथ के माध्यम से किया गया प्रचार-प्रसार



#### योजना की जानकारी दी गई

शिविर में विशेष रूप से फसल चक्र परिवर्तन, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, ऑयल पाम, एग्रीस्टैक योजना, पराली प्रबंधन एवं जल संरक्षण तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। मत्स्य पालन विभाग से संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उद्यान विभाग राष्ट्रीय बागवानी मिशन अन्तर्गत घटक पुष्प विस्तार, फल क्षेत्र विस्तार, मसाला क्षेत्र विस्तार संरक्षित खेती, राज्य पोषित योजनान्तर्गत समेकित कृषि विकास योजना, फल उद्यान, नलकूप खनन, हल्दी, अदरक की खेती के बारे में जानकारी साझा किया गया व अन्य तकनीकी विषयों की जानकारी दी गईं। पशुपालन विभाग द्वारा कुक्कुट प्रदाय योजना, सांड प्रदाय योजना, सुकर तरई योजना, कृत्रिम गर्भाधान एवं बकरा पालन योजना की जानकारी दी गई।

## कवायद : बल का परीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

# पुलिस परेड ग्राउंड में जनरल परेड का आयोजन एसपी ने परखा जवानों का अनुशासन और कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





पुलिस विभाग में अनुशासन, शारीरिक दक्षता और तत्परता बनाए रखने के उद्देश्य से आज शुक्रवार को रक्षित केंद्र बलौदाबाजार के परेड ग्राउंड में पुलिस जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा ने परेड की सलामी ली और जिले के पुलिस बल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

परेड के दौरान जिले के विभिन्न थानों, चौकियों, यातायात शाखा और नव आरक्षकों की टोलियों ने शानदार मार्च पास्ट किया। जवानों ने विविध ड्रिल के माध्यम से अपने पेशेवर कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन किया। एसपी ने पूरी परेड का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस बल की मुस्तैदी पर संतोष व्यक्त किया।

पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट टर्न-आउट (साफ-सुथरी और स्तरीय गणवेश) धारण करने वाले तथा परेड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मौके पर ही सम्मानित भी किया गया। एसपी ने जवानों को प्रेरित करते हुए कहा कि, पुलिस का मुख्य कर्तव्य कानून व्यवस्था बनाए रखना और जनता को सुरक्षा का अहसास कराना है, जिसके लिए सदैव सजग रहना अनिवार्य है।

परेड के पश्चात एसपी श्री शर्मा ने पुलिस विभाग के बेड़े में शामिल शासकीय वाहनों एवं अन्य संसाधनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वाहन शाखा प्रभारी को निर्देशित किया कि, वाहनों की वर्तमान स्थिति और समय पर रखरखाव पर विशेष ध्यान दें। संसाधनों की कमी या सुधार की आवश्यकता होने पर तत्काल प्रभावी कदम उठाएं ताकि आपातकालीन स्थिति में कोई बाधा न आए।

इस जनरल परेड में जिले के आला अधिकारी भी सम्मिलित हुए, जिनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अभिषेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा हेमसागर सिदार, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय साहू, डीएसपी प्रेमलाल साहू, डीएसपी उषा सोंधिया और रक्षित निरीक्षक ऊषा ठाकुर प्रमुख थे। आयोजन में कार्यालय स्टाफ और विभिन्न थाना प्रभारियों सहित कुल 98 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। इस प्रकार के आयोजनों से पुलिस बल में टीम भावना और कार्य के प्रति उत्साह का संचार होता है।

## उच्चतम न्यायालय की विशेष लोक अदालत के लिए 31 मई तक करें आवेदन

**खरोरा।** न्याय को सरल, सुलभ एवं आफ्सी सहमति के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल से प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त को आयोजित होने वाली स्पेशल लोक अदालत के साथ होगा।

स्पेशल लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह के आधार पर निराकरण किया जाएगा। इसके पूर्व राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण /समिति के मध्यस्थता केंद्रों में सुलह बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पक्षकारों की सह्यता करेंगे।

पक्षकार सुलह वार्ताओं में प्रत्यक्ष अथवा ऑनलाइन माध्यम से शामिल हो सकते हैं। अभियान में अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं संबंधित पक्षों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है। सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को समाधान समारोह में शामिल करने के लिए गूगल फॉर्म तैयार किया गया है, जिसे भरकर आवेदन किया जा सकता है। यह फॉर्म सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

गूगल फॉर्म लिंकः में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। समाधान समारोह में दीवानी एवं पारिवारिक विवाद, बैंक ऋण एवं वसूली बीमा दावा मोटर दुर्घटना दावी जैसे मामले शामिल होंगे।

## जामुन पेड़ में लगी आग, नरधा-मटिया मार्ग पर आवागमन बाधित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

भीषण गर्मी और मौसम में आए अचानक बदलाव के बीच ग्राम पंचायत नरधा और मटिया के मध्य स्थित एक विशाल जामुन पेड़ में आग लगने से आवागमन प्रभावित रहा। आग लगने के बाद पेड़ की बड़ी डाली मुख्य मार्ग पर गिर गई, जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना के बाद मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों ने मशक्कत के बाद आवागमन किया, जबकि चारपहिया वाहनों के लिए रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पेड़ में लगी आग की लपटें तेजी से फैल रही थीं और धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था। इसके बावजूद कई यात्रियों ने जान जोखिम में डालकर मार्ग पार किया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में अत्यधिक तापमान और सूखी हवाओं के कारण पेड़ों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। जामुन पेड़ की सूखी डालियों में आग लगने के बाद देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पेड़ की शाखा बीच सड़क पर गिर गई। घटना के चलते नरधा-मटिया पहुंच मार्ग लंबे समय तक बाधित रहा। समाचार लिखे जाने तक पेड़ की गिरी हुई डाली को सड़क से हटाया नहीं गया था, जिससे आवागमन प्रभावित बना हुआ था। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र मार्ग बहाल कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पं. चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम में पं.चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। सत्र 2025-26 में विद्यालय का परीक्षा परिणाम उल्लेखनीय रहा, जिस पर प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं पालकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

विद्यालय से कक्षा 10वीं में कुल 167 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें 14 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त किया, जबकि 46 विद्यार्थियों को प्रथम श्रेणी, 46 को द्वितीय श्रेणी एवं 1 विद्यार्थी को तृतीय श्रेणी प्राप्त हुई। परीक्षा में नंदिनी ने 90.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आयुष मौर्य ने 90.33 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं याची वर्मा ने 89.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल 171 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 17 विद्यार्थियों को डिस्टिंक्शन, 52 को प्रथम श्रेणी, 46 को द्वितीय श्रेणी तथा 4 विद्यार्थियों को तृतीय श्रेणी प्राप्त हुई। विज्ञान संकाय में व्यंकटेश ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मोनालिसा 86.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा दीपेश्वरी 84.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहीं। वाणिज्य संकाय में कौमुद ध्रुव ने 86 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भावेश 83.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं देवानंद 77.8 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे।

कला संकाय में संजना ने 74.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। चंद्रहास 73 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं पूनम 71.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय की प्राचार्य वंदनीय श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में अत्यंत उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं पालकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

## शिवरतन ने किया पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



नगरपालिका सिमगा में जल संकट के मद्देनजर शंकरनगर में टेलीफोन एक्सचेंज आफिस के सामने 50 लाख 56 हजार की लागत से बनने वाले पानी टंकी का आज शुक्रवार को भूमिपूजन किया गया। उक्त पानी टंकी से वार्ड क्रमांक 4, 5 एवं 6 के लोगों को जल संकट से मुक्ति मिलेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि निर्मित होने वाले पानी टंकी से आने वाले समय में लोगों को जल संकट से मुक्ति मिलेंगी। राजनीति सब जगह होती है पर नगर विकास हेतु सबको मिलकर कार्य करना होगा। तभी आपके नगर का समुचित विकास संभव है। नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के समक्ष नगर विकास के कुछ मांगों को रखा जिस पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि 20 मई के उपरांत नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव का सिमगा नगर आगमन होगा। उसी कार्यक्रम में प्रयास करके रूके हुए कई विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न कराने की बात उन्होंने कही साथ ही सभी मुख्य मार्गों का कायाकल्प होगा। कार्यक्रम के अंत में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने समूह के सदस्यों को वर्दी, जूती, सीटी, एप्रन, टोपी, मास्क, साड़ी, दस्ताना, हेण्ड ग्लब्स, समर कोट, इत्यादि वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव अनिल पांडेय नगरपालिका के सीएमओ शशिभूषण श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विकास सोनकर पार्षद सचिन जैन अभिजीत अवस्थी सूर्यकांत ताम्रकार छोटेलाल यादव भारती पाटकर पितांबर सोनकर मुकुंद रजक नारायण निषाद अनूप तिवारी शिवधारी देवांगन परस पाटकर माया सलूजा प्रशांत देवांगन राजू कोसले चंद्रमणि साहू सहित सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं वार्डवासी मौजूद थे।

## सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजराडीह में विगत वर्षों से ग्रामीण की मांग साकर हुई। 10 लाख से निर्मित होने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य भूमि पूजन किया गया। सविता यादव ने कहा कि गांव के हर एक गली को सीसी रोड निर्माण क्रमशः किया जावेगा, जिससे माता एवं बच्चों को आने जाने की सुविधा मिलेगी विजय कोसले ने कहा कि शासन से और मांग कर हमारे गांव के विभिन्न कार्यों को पूर्ण कराएंगे, जिससे हमारे गांव का नाम रोशन होगा। ग्रामीणों से अपील है कि आप सभी गांव के विकास में योगदान दें, जिससे हर कार्य हो ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता भीम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहासी विजय कुमार कोसले, जनपद सदस्य जनार्दन वर्मा, अनुसुईया, मोकेश चन्द्राकार, महिला महामंत्री प्रभा कोसले, सरपंच सावित्री गेन्टरे, सचिव गिरजा पैगंबर, रवि टंडन सहित गांव के पंच सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समक्ष पब्लिक/शपथ आयुक्त- भटगांव
जिला- सारंगढ - बिलाईगढ (छ.ग.)

**नाबालिग पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में शपथ पत्र**

मैं संतोष कुमार कुर्रे पिता- फिरतूराम कुर्रे उम्र 40 वर्ष, जाति- सतनामी साकिन- जुनवानी तहसील - भटगांव जिला- सारंगढ़- बिलाईगढ (छ.ग.) जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है ।
2. यह कि मैं अपने नाबालिग पुत्र दुग्गू कुर्रे से बदलकर सुशांत कुमार कुर्रे करवाना चाहता हूं।
3. यह कि मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा ।
4. यह कि मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र में जन्मतिथि 31/03/2014 अंकित है जो कि सत्य व सही है तथा मेरे पुत्र के आधार कार्ड में जन्मतिथि 01/01/2013 दर्ज है जिसे बदलना चाहता हूं।
5. यह कि मेरी पत्नी शकुन्तला कुर्रे को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम एवं जन्मतिथि बदलने में कोई आपत्ति नही है ।
6. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशों हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

//सत्यापन//

मैं संतोष कुमार कुर्रे पिता- फिरतूराम कुर्रे उम्र- 40 वर्ष, जाति- सतनामी साकिन- जुनवानी तहसील -भटगांव जिला- सारंगढ़ -बिलाईगढ़ (छ.ग.) सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 तक सत्य व सही है जिसमें अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूं ।

सत्यापनकर्ता - संतोष कुमार कुर्रे

न्यायालय नायब तहसीलदार, खरोरा
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
संदर्भ :- जिला- रायपुर तहसील-खरोरा प.ह.न.- 00039 मटियाडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202526440111700004

**// ईश्तहार //**

तहसील खरोरा के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम मटियाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी झब्बू लाल पिता/पति-भागीरती पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 222/1 (0.5820) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता रूपेन्द्र कुमार साहू पिता/पति-जीवराखन साहू पता- मटियाडीह के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार, खरोरा पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार :
Suryakant Kumbhakar
खरोरा

## पेज 9 के शेष

### बिलासपुर-रायपुर रेलखंड

पहुंचेंगे, भाटापारा रेलवे स्टेशन में 13 बजे, तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन में 15.15 बजे और रायपुर रेलवे स्टेशन में 18.10 बजे पहुंचेंगे।

### म्यूल अकाउंट का...

संदिग्ध ट्रांजैक्शन पाया गया। इस आरोपी ने भी आपराधिक षड्यंत्र के तहत अपने दस्तावेज अन्य आरोपियों को संचालित करने के लिए दे दिए थे।

### नेशनल लोक अदालत ...

एवं अन्य मामलों का निराकरण के प्रकरण शामिल है। इसी तरह प्री-लिटिगेशन संबंधी मामले (विवाद पूर्व-सुलह समझौते) जैसे कि बैंक के ऋण वसूली, विद्युत बिल के बकाया वसूली एवं अन्य वित्तीय संस्थान के प्रकरण भी आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा । लोक अदालत में न्यायालयीन प्रकरण समाप्त होने से पक्षकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित होते है। उनके विवाद का निपटारा होने से मधुर संबंध बनते है।

### मोहतरा क में ...

छरछेद, दर्रा (क ) देवरीकला, हटोद, खर्री, खर्वे, कोट (क), मोतीपुर, मोहतरा (क) मुड़ियाडीह एवं पीसीद शामिल हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर की बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। शिविर स्थल पर आवेदन पंजीयन केन्द्र होगा। शिविर में जल संचयन की शपथ ली जाएगी। पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी लोक कला, विभागीय योजनाओं एवं जल संचयन एवं संरक्षण आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग,विद्यत विभाग,शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विभाग, कौशल उन्नयन विभाग, जिला विधिक सेवा,कषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग,समाज कल्याण विभाग, खेल विभाग द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। शिविर में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति हेतु शिविर आयोजन के पूर्व सभी सम्बधित गांव में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए हैं।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य पर्यवेक्षक उर्वशी को दी गई विदाई

**पलारी** । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी के प्रांगण में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त हुई महिला स्वास्थ्य पर्यवेक्षक उर्वशी शर्मा को विदाई दी गई। इस अवसर पर उसके कार्य काल में उसके द्वारा किये गए कार्यों की प्रशंसा की गई। लच्छनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में सेवा देते हुए अपने क्षेत्रों में समय की पाबंद रही उर्वशी शर्मा के स्वास्थ्य संबंधित समझाने बताने के तरीके से सुचारू रूप से स्वास्थ्य सबंधित कार्य में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्हें खंड चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज वर्मा, बीटीई ओपी. आर. मार्कण्डेय, सुपरवाइजर सुंदर लाल बंजारे, आरएचओ संजय पैकरा, राकेश वर्मा, धनेश साहू, मुक्ती वर्मा, वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव एवं समस्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

### नपा ने तीन दुकानों की नीलामी की



भाटापारा। नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत लोकोत्सव मैदान में बनी दुकानों की नगरपालिका के सभागार में नीलमी की गई, जिसमें तीन दुकानों की नीलामी एक करोड़ चार लाख सत्तर हजार रूपये में हुई। इस दौरान नगरपालिका के सीएमओ शिवकुमार यादव, सब इंजीनियर यादव राजस्व विभाग से अजय नायडू, कन्हैया सिंग ठाकुर व अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को संपन्न कराया। लोकोत्सव मैदान की दुकानों की नीलामी में दुकान क्रमांक एक 37 लाख नन्दू साहू, दुकान क्रमांक दो संध्या साहू 37 लाख, दुकान क्रमांक तीन आरक्षित अ.जा.के लिए आकाश कुमार धृतलहरे 30 लाख 70 हजार रुपए में दी गई।

### सुशासन तिहार : राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कराया गृहप्रवेश, सौंपी आवास की चाबी

# गोविंदा ने किया पीएम आवास में प्रवेश, मिली खुशियों की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सुशासन तिहार में जहां लोगों क़ी समस्याओं क़ी त्वरित सुनवाई हो रही है। वहीं अनेक सौगाते भी मिल रही है। विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत मोहतरा में आयोजित समाधान शिविर में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राही गोविंदा को गृहप्रवेश कराया और आवास क़ी चाबी सौंपी।

मंत्री श्री वर्मा ने हितग्राही गोविंदा को सुन्दर आवास बनाने एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण हेतु बधाई देते हुए उपहार भेंट क़ी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के पक्के घर के सपने को साकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना लागू किया है। हमारी सरकार ने 18 लाख आवास क़ी स्वीकृति दी है। अब हर गरीब का घर पक्का होग़ा। बरसात में कोई दिक्क़त नहीं होगी।



हितग्राही गोविंदा ने बताया कि वर्ष 2025-26 में आवास स्वीकृत हुआ और तीन किश्तो में 1 लाख 20 हजार रुपए बैंक खाता में आया। इस राशि के अलावा अपने पास बचत के पैसे का भी उपयोग मकान बनाने में किया है। गोविंदा ने कहा कि पहले मिट्टी के घर में रहते थे। पक्का बनाने क़ी सोचते थे लेकिन हालात उसे पूरा नहीं करने देता था। अब जब से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू हुआ है गांव -गांव में पक्के मकान बन रहे है। मेरा सपना भी पूरा हो गया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव उपाध्यक्ष सुमन वर्मा,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### साय सरकार के सुशासन तिहार में टाकेश्वरी को मिला राशन



**बलौदाबाजार**। जिले के विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहतरा की रहने वाली टाकेश्वरी साहू के लिए सुशासन तिहार खुशियों की एक नई सौगात लेकर आया। टाकेश्वरी लंबे समय से अपना राशन कार्ड बनवाने के लिए परेशान हो रही थीं और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही थीं, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। इसी बीच जब उन्हें गांव में मुनादी के जरिए पता चला कि सुशासन तिहार 2026 के तहत विशेष शिविर का आयोजन होने वाला है, तो उनकी उम्मीदें एक बार फिर जाग उठीं। उन्होंने बिना देर किए पंचायत में लगे शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन जमा किया, जहां शासन-प्रशासन की सक्रियता का ऐसा नजारा देखने को मिला कि उनका राशन कार्ड तत्काल बनाकर उन्हें सौंप दिया गया।

■ राशन कार्ड बनाने लंबे समय से काट रही थी दफ्तरों का चक्कर

हाथ में अपना नया राशन कार्ड पाकर टाकेश्वरी साहू की खुशी का ठिकाना नहीं रहा, क्योंकि जिस काम के लिए वे महीनों से भटक रही थीं, वह सुशासन की पहल से मिनटों में पूरा हो गया। इस त्वरित समाधान से अभिभूत होकर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता प्रकट की। टाकेश्वरी का कहना है कि यह सरकार की संवेदनशीलता ही है कि आज पूरा शासन-प्रशासन खुद चलकर ग्रामीणों के दरवाजे तक पहुँच रहा है। घर बैठे समस्याओं का निराकरण होने से न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि आम जनता का लोकतंत्र और व्यवस्था पर भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है।

## बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने संयंत्र ने शुरू किया सिलाई प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के सीएसआर विभाग द्वारा अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढनढनी की बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए तीन माह की अवधि का निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए सर्वसुविधायुक्त सिलाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है, जहां प्रतिभागियों को सिलाई से संबंधित व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ ग्राम ढनढनी की सरपंच बृहस्पति ध्रुव, उपसरपंच भूपेन्द्र साहू एवं सरपंच प्रतिनिधि रंजीत ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अल्ट्राटेक प्रबंधन की ओर से डॉ. धीरज भुआ, सीएसआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा, दया वर्मा तथा परमेश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, बालिकाएं एवं ग्रामवासी भी शामिल हुए। सीएसआर विभाग द्वारा संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बेसिक सिलाई कौशल के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण, विशेषज्ञों के गेस्ट लेक्चर, सुरक्षा संबंधी विशेष कक्षाएं तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़े व्याख्यान भी समय-समय पर दिए जाएंगे। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे भविष्य में स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

## दतान प में प्रतिभावान छात्र पेमेश का सम्मान



**पलारी**। विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प के कक्षा बारहवीं साइंस के प्रतिभावान छात्र पेमेश साहू को 84.4% अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर जनपद पंचायत पलारी स्वच्छता विभाग के सभापति जामवंती नीलकमल साहू ने भगवान श्री रामचंद्र की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। पेमेश साहू ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत माता पिता गुरुजनों का उचित मार्गदर्शन को दिया है।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से स्वच्छता सभापति जामवंती नीलकमल साहू, सचिव घनश्याम साहू, पूर्व उपसरपंच रामसिंह साहू, बिरेंद्र साहू, लिलेश्वरी साहू, बेदन साहू, साहस साहू, साक्षी साहू, लोकेश्वरी साहू, हेमेश्वरी लता, पलक साहू आदि उपस्थित थे।

